केन्द्रीय विद्यालय ,खम्मम

निर्माणात्मक आकलन 1

2016-2017

कक्षा-9 वीं **समय -90 मिनट**

विषय -हिन्दी **पूर्णांक - 40**

निर्देश :- १) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं -क,ख,ग और घ |

२) चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है |

३) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

खण्ड-क

प्र.१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | 5 अंक

गधे का एक छोटा भाई और भी है,जो उससे कम ही गधा है और वह है 'बैल' | जिस अर्थ में हम गधे का प्रयोग करते हैं,कुछ उसी से मिलते-जुलते अर्थ में 'बछिया के ताऊ' का प्रयोग करते हैं | कुछ लोग बैल को शायद बेवकूफों में सर्वश्रेष्ठ कहेंगे,मगर हमारा विचार ऐसा नहीं है | बैल कभी-कभी मारता भी है, कभी-कभी अड़ियल बैल भी देखने में आता है और भी कई रीतियों से अपना असंतोष प्रकट कर देता है,अतएव उसका स्थान गधे से नीचा है |

(१) गधे के समान दूसरा पशु कौन-सा है ?

(२) गधे का प्रयोग हम किस अर्थ में करते हैं ?

(३) बैल का स्थान गधे से नीचा क्यों है ?

(४) यहाँ 'बछिया का ताऊ'किसे कहा गया है ?

(५) 'प्र' एवं 'अ' उपसर्ग वाले शब्दों को छाँट कर लिखिए |

प्र.२ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | 5 अंक

मोकों कहाँ ढूंढे बन्दे, मैं तो तेरे पास में |
ना मैं देवल ना मैं मस्जिद,ना काबे कैलास में |
ना तो कौने क्रिया-कर्म में,नहीं योग बैराग में |
खोजी होय तो तुरतै मिलि हौं | पल भर की तलास में |
कहै कबीर सुनो भई साधो, सब स्वांसों की स्वांस में |

(१) लोग ईश्वर को प्रायः कहाँ ढूँढ़ते हैं ?

(२) कबीर ने ईश्वर का निवास कहाँ बताया है ?

(३) क्रिया-कर्म का क्या आशय है ?

(४) 'सब स्वांसो की स्वांस' से क्या आशय है ?

(५) खोजी व्यक्ति पलभर में किसे खोज सकता है ?

खण्ड ख

प्र.३ निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग कीजिए- 6 अंक

(1) परिश्रम (2) संसार (3) उच्चारण

(4) प्रत्येक (5) प्रत्युपकार (6) दुर्भाग्य

प्र.४ निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग कीजिए- 6 अंक

(1) भुलक्कड़ (2) आवश्यकता (3) कृपालु

(4) भूखा (5) गरमाहट (6) लालची

खण्ड-ग

प्र.७ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए | 12 अंक

(1) 'दो बैलों की कथा' के माध्यम से कौन-कौन से नीति विषयक मूल्य उभर कर आये हैं ?

(2) तिब्बत में सबसे खतरनाक जगह कौन-सी है ?

(3) तिब्बत की कानून-व्यवस्था कैसी थी ? वहाँ सुरक्षा की स्थिति कैसी थी ?

(4) किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से ? तर्क सहित उत्तर दीजिए |

(5) बंद द्वार की सांकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया है ?

(6) ज्ञान की आंधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

खण्ड-घ

प्र.९ निम्नलिखित निबंधों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 6 अंक

(१) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्त्व

(२) योग का महत्त्व

(3) पर्यावरण प्रदूषण